**उर्दू भाषा के संवर्धन के संबंध में जाफरी समिति का प्रतिवेदन**

3381. **श्री मोहम्मद अफजल उर्फ मीम अफजल :** क्या **मानव संसाधन विकास** मंत्री 17 जुलाई, 1992 को राज्य सभा में अतारांकित प्रश्न सं० 911 के दिये गये उत्तर को देखेंगे और यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) उर्दू भाषा के संवर्धन से संबंधित अली सरदार जाफरी समिति के प्रतिवेदन पर सरकार ने क्या निर्णय लिया है; और

(ख) इस पर कब तक कार्यवाही की जाएगी ?

**मानव संसाधन विकास मंत्रालय (शिक्षा विभाग और संस्कृति विभाग) में उप-मंत्री (कुमारी शैलजा) :** (क) और (ख) उर्दू प्रोन्नति के लिए गुजरात समिति (जाफरी समिति) की सिफारिशों के कार्यान्वयन की जांच करने संबंधी समिति की रिपोर्ट पर सरकार अभी भी विचार कर रही है ।

**जबलपुर स्थित रानी दुर्गावती विश्व-विद्यालय**

3382. **श्री शिवप्रसाद चनपुरिया :** क्या **मानव संसाधन विकास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) जबलपुर स्थित रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय में संस्कृत, पाली तथा प्राकृत विभाग में कितने छात्र अध्ययनरत हैं; और

(ख) क्या यह सच है कि इसमें छात्रों की अपेक्षा शिक्षकों की संख्या अधिक है ?

**मानव संसाधन विकास मंत्रालय (शिक्षा विभाग और संस्कृति विभाग) में उप मंत्री (कुमारी शैलजा):** (क) विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा भेजी गई सूचना के अनुसार, रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय, जबलपुर के संस्कृत पाली, एवं प्राकृत विभाग में इस समय 52 विद्यार्थी अध्ययन कर रहे हैं ।

(ख) जी, नहीं । विभाग में आठ अध्यापक हैं ।

**काम-काजी महिलाओं की भलाई हेतु शिशु-गृह**

3383 **श्रीमती उर्मिला चिमनभाई पटेल** क्या **मानव संसाधन विकास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने कामकाजी महिलाओं की भलाई हेतु शिशु-गृह (क्रैच) खोलने के संबंध में कोई योजना शुरु की थी,

(ख) यदि हां, तो क्या सरकार ने देश में, विशेषकर गुजरात में इस योजना को बन्द कर दिया है,

(ग) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं, और

(घ) क्या सरकार निकट भविष्य में इस योजना को पुनः आरम्भ करने का विचार रखती है, यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ?

**मानव संसाधन विकास मंत्रालय (महिला और बाल विकास विभाग) में राज्य मंत्री श्रीमती बासव राजेश्वरी) :** (क) जी, हां शिशुगृह/दिवस देखभाल केन्द्र स्कीम कामकाजी महिलाओं के लाभ के लिए 1975 में शुरू की गई थी ।

(ख) जी, नहीं ।

(ग) और (घ) प्रश्न नहीं उठता ।

**महिलाओं की समस्याओं को सुलझाने के लिए कदम**

3384. **श्रीमती उर्मिला चिमनभाई पटेल :** क्या **मानव संसाधन विकास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :